हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 मार्च 2025

11 अग्निवीर को लेकर छात्रों को किया जागरूक



12 बेरी नपा चुनाव की मतगणना के लिए तैयारियां पूरी



## खबर संक्षेप

### डब्ल्यूएफआई से बैन हटने का स्वागत

**बहादुरगढ़।** खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगा बैन हटाने का खेल प्रेमियों ने स्वागत किया है। ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ इंडिया के महासचिव बिरजू शर्मा ने कहा कि इस निर्णय से भारतीय पहलवानों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। भारत के पदक जीतने की संभावनाएं बढ़ेंगी। इसके साथ ही घरेलू प्रतियोगिता के आयोजन, राष्ट्रीय टीमों के चयन का रास्ता साफ हो गया है। अब कुश्ती महासंघ को फंडिंग मिलनी भी शुरू हो जाएगी।

### लडरावण में श्री श्याम सलोना महोत्सव 22 को

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावण में तृतीय श्री श्याम सलोना महोत्सव शनिवार 22 मार्च को शाम 5 बजे से प्रभु ईच्छा तक मनाया जाएगा। हम सबकी खाटू नगरी ग्रुप की ओर से आयोजित महोत्सव में विभिन्न इलाकों से पैदल निशान यात्रा भी आएंगी। रोहद धाम से अजय शर्मा, लुक्सर से सोनू लक्खा, दिल्ली से पूर्णिमा बंसल, भंडेरी से विशेष भंडेरी, मंच संचालक डिम्पी राम व गौरव वशिष्ट आदि खाटू नरेश श्याम बाबा का गुणगान करेंगे।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान समीर के रूप में हुई है। दरियापुर का रहने वाला है। बाईपास से उसे पकड़ा गया। उससे देशी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ बादली थाने में केस दर्ज किया गया है।

### ट्रेडिंग के नाम पर युवती से ठगी

**बहादुरगढ़।** ट्रेडिंग के नाम पर भी ठगी के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। अब बहादुरगढ़ की निवासी एक युवती के साथ वारदात हुई है। शातिरों ने युवती को एक लाख रुपये से अधिक की चपत लगा दी। युवती की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सलोनी का कहना है कि हाल ही में उसके पास टेलीग्राम पर ट्रेडिंग संबंधित मैसेज आया। इसके बाद मैसेज भेजने वाले से बातचीत हुई तो उसने अपना नाम विजय बताया। मैं उसकी बातों में आ गई और विश्वास करके एक लाख सात हजार रुपये भेज दिए। लेकिन जब आभास हुआ तो देर हो चुकी थी। शातिरों ने धोखाधड़ी से उसके रुपये ऐंठ लिए। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सब्जी मंडी में दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित सब्जी मंडी में दुकान के बाहर से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। लाइनपार के निवासी सुनील का कहना है कि सब्जी मंडी में उसकी दुकान है। सुबह साढ़े दस बजे अपनी बाइक दुकान के बाहर खड़ी की थी। कुछ देर बाद देखा तो नहीं मिली। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। उधर, सेक्टर 6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत

**बहादुरगढ़।** बराही रोड पर रहने वाली एक प्रवासी महिला की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करा दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। मृतका की पहचान करीब 48 वर्षीय संजू देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, संजू देवी मूलतः बिहार से थी। यहां बराही रोड पर रहती थी। जबकि उसका पति महाराष्ट्र में रहता है। रविवार को संजू के पेट में पीड़ा हुई तो उसे अस्पताल में ले जाया गया।

## मेहंदीपुर डाबोदा में मिला था युवती का शव, पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा

# शादी को लेकर कहासुनी के बाद चाकू घोंपकर की थी युवती की हत्या
# दो दिन शव को कमरे पर रखा, फिर कंबल में लपेटकर झाड़ियों में फेंका

**बहादुरगढ़।** सदर थाना पुलिस और सीआईए वन बहादुरगढ़ की टीम ने ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझा ली है। शादी को लेकर हुए झगड़े के चलते युवती को चाकू से प्रहार कर मौत के घाट उतारा गया था। इसके बाद उसके शव को कंबल, पल्ली में लपेटकर मेहंदीपुर डाबोदा की झाड़ियों में फेंक दिया गया। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी व उसके तीन दोस्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के लिए इन्हें दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

■ आरोपी व उसके तीन दोस्त दो दिन के रिमांड पर

दरअसल, गत तीन मार्च की रात को केएमपी पुल के पास मेहंदीपुर डाबोदा गांव की झाड़ियों में एक युवती का कंबल में लिपटा हुआ शव मिला था। महिला के शव पर चाकू से दर्जनभर वार किए गए थे। इस संबंध में सदर थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया था।



**बहादुरगढ़।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक।

**बादली की रहने वाली थी खुशी**

मामले में खुलासा करते हुए एसीपी प्रदीप कुमार ने बताया कि सदर थाना व सीआईए की कई टीमें इस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाने में लगी थी। काफी प्रयासों के बाद 9 मार्च को मृतका की पहचान खुशी के रूप में हो सकी। वह बादली की रहने वाली थी।

### खुशी की हिमांशु से कुछ समय पहले ही मुलाकात हुई थी

इसके बाद उसके परिजनों ने बयान दिए तो मामले की परत खुलती चली गई। युवती के परिजनों ने टांडाहेड़ी के निवासी हिमांशु व उसके दोस्तों पर आरोप लगाया था। अब मामले में चार आरोपी पकड़े गए हैं। इनकी पहचान हिमांशु निवासी टांडाहेड़ी, सौरव निवासी सिलोठी, मनीष निवासी परनाला और कार्तिक निवासी टांडाहेड़ी के रूप में हुई है। प्रारंभिक तौर पर सामने आया कि कुछ समय पहले हिमांशु की खुशी के साथ दोस्ती हुई थी। गत 24 फरवरी को वह लड़की को गांव में स्थित अपने पुराने मकान में ले आया। यहां शादी को लेकर दोनों में कहासुनी हुई। जिसके चलते एक मार्च को हिमांशु ने चाकू से उसकी हत्या कर दी। दो दिन तक शव उसी मकान में रहा। बाद में उसने अपने अन्य तीन दोस्तों के साथ मिलकर शव को कंबल और पल्ली में लपेटा तथा तीन मार्च को मेहंदीपुर डाबोदा की झाड़ियों में फेंक दिया। इस दौरान इस्तेमाल की गई बाइक पुलिस ने बरामद कर ली है। वारदात में प्रयोग किए गए हथियार को बरामद करने व अन्य पहलुओं तक पहुंचने के पुलिस पूछताछ कर रही है।

## सूरज का शव परिजनों को सौंपा शिकायत पर एक के खिलाफ केस

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव खुड्डन में जहरीला पदार्थ निगलने से हुई युवक की मौत मामले में मंगलवार को मृतक सूरज के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम कराने उपरांत पुलिस द्वारा शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा मृतक के पिता की शिकायत पर अकेहड़ी मदनपुर निवासी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पिता सतीश पुत्र ओमप्रकाश ने बताया कि उसका बड़ा लडका सूरज अपने घरवाली गाड़ियों पर ड्राईवर का काम करता था। सोमवार को करीब सवा ग्यारह बजे गांव के ही युवक प्रिंस ने बताया कि सूरज ने कुछ खा-पी लिया है और उसे उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल ले जा रहे हैं। जब वह अपने परिवार सहित संबंधित अस्पताल पहुंचा तो सूरज अकेहड़ी मदनपुर निवासी अश्वनी द्वारा जान से मारने की धमकी देने व मानसिक रूप से परेशान करने की बात बताई। सतीश के अनुसार जब उपचार के दौरान सूरज ने दम तोड़ दिया, उसके बाद भी आरोपी युवक का फोन आया था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करते हुए नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दिनदहाड़े सेक्टर-6 के मकान में घुसे नकाबपोश युवक को बंधक बनाकर नकदी और गहने लूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

■ 32 मिनट तक लूटपाट करते रहे ■ अपनी स्कूटी छोड़कर फरार हो गए

शहर के सेक्टर-6 में दिन दहाड़े लूटपाट की वारदात हो गई। मकान में घुसे नकाबपोश बदमाशों ने सूएं और पेचकस के बल पर युवक को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया। सोने की तीन चेन, अंगूठी, मोबाइल और करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी ले उड़े। वारदात के बाद अपनी स्कूटी भी मकान के बाहर छोड़ गए। सेक्टर-6 थाना पुलिस, सीआईए सहित कई टीमें मामले की तह तक जाने के लिए भागदौड़ कर रही हैं। वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। लूटपाट की यह वारदात शिक्षक रमेश के मकान में हुई है। दरअसल, रिवाड़ी खेड़ा के निवासी रमेश पिछले कुछ वर्षों से यहां सेक्टर 6 में रहते हैं। वह दिल्ली में तो उनकी पत्नी हरियाणा में शिक्षक हैं। बड़ा बेटा अपने परिवार सहित सोनीपत में रहता है। छोटा बेटा आर्यन उर्फ साहिल यूपीएससी की तैयारी कर रहा है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को रमेश व उनकी पत्नी ड्यूटी पर गए थे। पीछे से मकान में आर्यन और उनका भतीजा दीपक घर पर थे। दोपहर करीब एक बजे आर्यन अपने ऊपरी तल पर स्थित कमरे में सो रहा था। जबकि भतीजा दीपक अपनी बाइक की मरम्मत कराने चला गया। मकान की नीचे से कुंडी लगी हुई थी। दोपहर एक बजकर 26 मिनट पर स्कूटी सवार दो युवक यहां आए। घर के बाहर स्कूटी रोकी और अंदर चले गए। अंदर जाते ही उन्होंने सो रहे आर्यन को घेर लिया और उसे धमकाने लगे। फिर बर्फ तोड़ने वाले सूएं तथा पेचकस के बल पर उसे परने, कपड़े आदि से बांध दिया। उसका मुंह भी बंद कर दिया। इसके बाद सामान खंगालना शुरू कर दिया। ऊपरी तल पर उन्होंने लॉकर समझकर एक डिजिटल श्रृंगार दानी उखाड़ डाली। वहीं नीचे से करीब डेढ़ लाख की नकदी, तीन सोने की चेन व एक अंगूठी चुरा ली। इस दौरान उन्होंने आर्यन का आईफोन भी छीन लिया। करीब 32 मिनट मकान में रहने के बाद बदमाश एक बजकर 58 मिनट पर अपनी स्कूटी वहीं छोड़कर पैदल ही निकल लिए। मकान में दो युवक घुसे थे लेकिन आसपास सीसीटीवी फुटेज देखने पर उनके साथ एक और बाइक सवार युवक नजर आया है। उधर, सूचना पाकर सेक्टर 6 थाना पुलिस, सीआईए, फॉरेंसिक आदि टीमें जांच करने पहुंची। परिवार से पूछताछ की और आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगलाने शुरू की। एसीपी प्रदीप कुमार ने भी वारदात स्थल का दौरा किया। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

■ वारदात से हड़कंप, स्कूटी पर आए थे दोनों बदमाश



**बहादुरगढ़।** जांच करने पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम।



**बहादुरगढ़।** मकान के बाहर मौजूद लोग। (इनसेट में) टूटी अलमारी।

# विज्ञान के पेपर में नकल करते 5 पकड़े

## परीक्षा केंद्रों के बाहर रही कड़ी सुरक्षा



**झज्जर।** एक परीक्षा केंद्र के बाहर तैनात पुलिस कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं के विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग की फ्लाइंग टीमों द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण के दौरान पांच यूएमसी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि जिले में परीक्षाओं को सुचारू और पारदर्शी ढंग से संचालित करने के लिए विभिन्न फ्लाइंग स्क्वायड टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रही हैं। एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी और अन्य अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों का दौरा कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि परीक्षा पूर्ण रूप से नकल मुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो।

■ एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया

## जानलेवा हमले के आरोपी को जेल भेजा

**बहादुरगढ़।** खेड़का गुर्ज्जर गांव में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। दरअसल, खेड़का गुर्ज्जर के निवासी धर्मबीर ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 9 फरवरी को गांव के ही दो लड़के हमारे घर पर आए। उन्होंने आवाज लगाकर मेरे भतीजे राहुल को बाहर बुलाया। इसके बाद पीछे से उसको गोली मार दी। गोली लगने के बाद मेरा भतीजा चिल्लाने लगा तो वह दोनों अपनी मोटर साईकिल पर बैठकर फरार हो गए। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में पहले ही दो नाबालिग लड़के सुधारगृह भेजे जा चुके हैं। अब उन्हें हथियार देने वाले आरोपी को भी पुलिस ने काबू कर लिया है। आरोपी की पहचान जतिन के रूप में हुई है। गांव गोयला कलां का रहने वाला है।

# नागरिक अस्पताल में फिर बंद हुई लिफ्ट, मरीज परेशान

**बहादुरगढ़।** साल भर खराब रहने के बाद हाल ही में ठीक की गई सरकारी अस्पताल की लिफ्ट फिर से बंद हो गई है। मरम्मत के कुछ घंटों बाद ही लिफ्ट में खराबी आ गई। फिलहाल अस्पताल में एक ही लिफ्ट चालू है। दरअसल, सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, दंत विभाग, शिशु विभाग, लेबर रूम, जनरल वार्ड सहित कई विभाग ऊपरी तलों पर हैं। लिहाजा मरीजों और स्टाफ की सुविधा के लिए भवन में दो लिफ्ट की व्यवस्था की गई है। सालभर से ये लिफ्ट खराब थीं। लंबे इंतजार के बाद चंद दिन पहले ही इनकी मरम्मत की गई थी।

लेकिन इनमें से एक लिफ्ट कुछ घंटे बाद ही खराब हो गई। मंगलवार को अस्पताल में छोटे वाली लिफ्ट तो चालू मिली लेकिन बड़ी लिफ्ट बंद थी। केवल एक लिफ्ट के जरिये ही मरीज आ, जा रहे थे।



## समाज के प्रमुख लोग बोले- होली पर कायम रहनी चाहिए गरिमा

# सभी मिलजुल कर फूलों की होली खेलें मनमुटाव छोड़ प्रेम व सद्भाव बढ़ाएं युवा

**बहादुरगढ़।** होली का त्यौहार नजदीक है। कई जगह तो होली से पूर्व ही एक दूसरे पर रंग व गुलाल डालने का सिलसिला शुरू हो गया है। हालांकि अधिकांश लोग रसायन युक्त रंगों का प्रयोग करते हैं। कई जगह झगड़े भी हो जाते हैं। दैनिक हरिभूमि संवाददाता रवींद्र राठी ने समाज के प्रमुख लोगों से बातचीत की तो उन्होंने होली की गरिमा को कायम रखने पर जोर दिया।

### होली प्यार बांटने का अच्छा मौका



रियल एस्टेट डेवलपर नीरज रुहिल ने कहा कि होली प्यार बांटने का अच्छा मौका है। सब इसे समझेंगे, तभी त्यौहार मनाने की सार्थकता है। अनेक युवाओं को होली के पर्व की पूरी जानकारी तक नहीं है। वे सिर्फ मौज-मस्ती के लिए होली मनाते हैं। जिसके चलते कुछ लोगों में मनमुटाव भी हो जाता है। जबकि होली जीवन में खुशियों के रंग घोलने का त्यौहार है।

### खुशियां बांटना इस पर्व की सबसे खास विशेषता



उद्योगपति नवीन मल्होत्रा ने कहा कि युवा रंगों के त्यौहार होली का महत्व समझेंगे तो ही होली की गरिमा कायम रह सकती है। युवाओं में इस पावन त्यौहार के दिन भाईचारे की बजाय लड़ने की प्रवृति बढ़ना चिंताजनक है। माता-पिता बच्चों को संस्कारी बनाने पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि आपस में खुशियां बांटना इस पर्व की सबसे बड़ी विशेषता है।

### पर्व पर हर्बल गुलाल का इस्तेमाल करें



नगर पार्षद ज्योति कर्मबीर शर्मा ने कहा कि एकता के इस पर्व के दिन भी समाज बंटता जा रहा है। बुजुर्ग युवाओं को होली मनाने के कारणों से अवगत कराएं। रसायन युक्त रंगों का इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। सभी मिलजुलकर फूलों की होली खेलें। हर्बल गुलाल का इस्तेमाल करें। इस रंगबिरंगे त्यौहार को गरिमापूर्ण ढंग से मनाएं।

### रंगों के त्योहार पर भाईचारा बनाए रखें



अध्यापिका डॉ. नरेश कुमारी डबास ने कहा कि सभी पारंपरिक ढंग से होली मनाएं। आपस में सूखा गुलाल लगाएं और होली गीत गाएं। शराब पीकर शोर-शराबा व लड़ाई झगड़ा करना उचित नहीं है। होली प्रेम व सद्भाव का त्यौहार है। इसे हमें ऐसे ढंग से मनाना चाहिए, ताकि आपसी भाई चारा कायम रहे। समाज के सभी लोग मिलकर त्योहार को मनाएं।

# सासरौली में प्रशासन ने ढहाए 7 अवैध निर्माण



**झज्जर।** मंगलवार को सासरौली गांव में पंचायती जमीन पर अवैध रूप से निर्माण को प्रशासनिक दस्ते ने तोड़ दिया। बीडीपीओ उमेद सिंह की अगुवाई प्रशासनिक दस्ते ने सासरौली गांव की पंचायती जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए सात भवन ढहा दिए। रेवेन्यू कोर्ट ने उक्त जमीन को पंचायती भूमि करार दिया था। डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा ना करें और जिन्होंने अवैध कब्जे किए हुए हैं, उक्त पंचायती जमीन से तुरंत अपना कब्जा हटा लें। प्रशासन कार्रवाई करेगा तो नुकसान ज्यादा होगा। उन्होंने कहा कि गांव की फिरनी, रास्तों व पंचायती जमीन पर अवैध निर्माण नहीं करना चाहिए। यह कानून और सामाजिक रूप से गलत है। गांव के रास्तों व फिरनियों पर अवैध कब्जा होने से रास्ते संकरे हो जाते हैं।



# प्यार और रोमांस के बीच चीखें निकाल देगा 'तू या मैं' का टीजर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार शनाया कपूर की आगामी फिल्म 'तू या मैं' का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। इस फिल्म में शनाया कपूर के साथ 'द व्हाइट टाइगर' स्टार आदर्श गौरव नजर आएंगे। यह सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म साल 2026 में वैलेंटाइन डे के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करते हुए शनाया ने लिखा, 'प्यार, आतंक और ये साथ बहुत-बहुत गलत हो गया। 'तू या मैं' के लिए कौन ज्यादा उत्साहित है?' बेजॉय नांबियार द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर डरावने माहौल वाले बैकवॉटर में सामने आता है, जहां एक लड़का-लड़की पानी में उतरते तो रोमांस के लिए हैं, लेकिन अचानक से पूरी कहानी बदल जाती है, सारे जज्बात बदल जाते हैं।


लाइफ Style

# अदा
## नेचर के करीब रहना ज्यादा पसंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अदा शर्मा काफी वर्सटाइल एक्ट्रेस है। वह अब तक अलग-अलग जॉनर की फिल्में कर चुकी हैं। खासकर 'द केरल स्टोरी'में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। इसी फिल्म के दौरान उनका एक्टिंग, डिजाइनर कपड़ों को लेकर नजरिया भी बदला।

अदा शर्मा को पिछले कुछ सालों में सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इवेंट्स तक में बहुत ग्लैमरस अंदाज में नहीं देखा गया है।हाल ही में अदा शर्मा ने बताया कि उन्हें अहसास हो चुका है कि डिजाइनर ड्रेस पहनकर कोई स्टार नहीं बनता है। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए गए एक इंटरव्यू में अदा शर्मा बताती हैं कि जब वह फिल्म 'केरल स्टोरी'का प्रमोशन कर रही थी तो अपनी मम्मी की साड़ी पहनकर, इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट करती है। क्योंकि कहानी काफी सीरियस थी। फिल्म भी हिट हुई। तब अदा शर्मा को अहसास हुआ कि डिजाइनर कपड़े पहनकर कोई सफल नहीं होता है। तभी उनका नजरिया बदला कि सिर्फ अच्छी एक्टिंग करना ही जरूरी है। आगे अदा शर्मा कहती हैं, ' बहुत सारी ड्रेस, जूतों को मेंटेन करना भी मुश्किल काम है। इसके लिए घर को बंद भी रखना है जिससे धूल-मिट्ट ना आए। लेकिन, मुझे नेचर पसंद है, चिड़िया, कबूतर देखना अच्छा लगता है, इसलिए खिड़की खुली रखती हूं। यही कारण है कि मेरा ड्रेसेस से ज्यादा इंट्रेस्ट नेचर के साथ रहने में है।' जल्द ही अदा शर्मा एक फिल्म 'तुमको मेरी कसम'में भी नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला





# रोमांचक कहानी पर आधारित

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित 'मिकी 17' फिल्म साइंस-फिक्शन एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



# ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई फिल्में लगातार रिलीज हो रही हैं। दर्शक फिल्म को देख भी रहे हैं। लेकिन, अगर आप बॉलीवुड की फिल्मों से हटकर कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखते हैं तो आपको इस महीने रिलीज होने वाली इस हालीवुड फिल्म को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।



# तीन रात जागकर शूट किया था गाना

**मुंबई।** फिल्म 'रूही' में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में नजर आए। इस फिल्म में जान्हवी 'नदियों पार' गाने पर परफॉर्म करती दिखीं, जो काफी हिट हुआ है। मंगलवार 11 मार्च को इस फिल्म की रिलीज को चार साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर जान्हवी ने गाने की शूटिंग का अनुभव शेयर किया है। उन्होंने बताया कि तीन रातें जागकर उन्होंने गाना शूट किया। जान्हवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'नदियों पार' सॉन्ग से अपनी फोटोज शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, 'फिल्म 'रूही' के चार साल। मेरा पहला सोलो डांस नंबर। मैं सचमुच में किसी बच्चे की तरह थी। इस गाने को लेकर काफी घबराहट हो रही थी। मुझे यह तक नहीं मालूम था कि तेज लाइट्स में अपनी आंखों को बंद किया बैना किस तरह खुला रखना है'?



# परदे पर साथ नजर आएंगे आमिर-रणबीर

**मुंबई।** आमिर खान और रणबीर कपूर एक साथ परदे पर नजर आने वाले हैं। ऐसा कहना है खुद आलिया भट्ट का। आलिया ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें आमिर और रणबीर नजर आ रहे हैं। यह जानकर दर्शक काफी उत्साहित हैं और प्रोजेक्ट से जुड़ी डिलेट का इंतजार कर रहे हैं। आलिया एक पोस्टर हाथ में लिए नजर आ रही हैं और कह रही हैं, 'मैं आप सभी को यह दिखाने का इंतजार कर रही थी। मेरे दो फेवरेट एक्टर साथ में दिखेंगे। एक-दूसरे के आमने-सामने'। इसके बाद आलिया ने पोस्टर दिखाया, जिसमें आमिर और रणबीर कपूर नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ आलिया ने कैप्शन लिखा है, 'सर्वश्रेष्ठ की लड़ाई! मेरे दो पसंदीदा अभिनेता एक-दूसरे के खिलाफ। कुछ बेहद रोमांचक जानकारी के लिए साथ बने रहिए।

टीवी मसाला

# बहन से गठबंधन नहीं कराएगा प्रेम जूता चुराई की रस्म में आएगा ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल का मंगलवार का एपिसोड राही और प्रेम की शादी को मुकम्मल करेगा। वसुंधरा कोठारी और पराग कोठारी की नाराजगी और गौतम की चालबाजियों के बीच रीति-रिवाजों का सिलसिला आगे बढ़ेगा और पंडित जी जोड़े की शादी करवाएंगे। हर बढ़ती रस्म और



रिवाज के बीच अनुपमा, मोटी बा, लीला बा और बाकी लोग उन रस्मों का महत्व समझाते जाएंगे। फिर बारी आएगी गठबंधन की। पंडित जी प्रार्थना से आकर गठबंधन करने को कहेंगे, लेकिन प्रेम अपनी बहन से बहुत नाराज होगा। प्रेम अपनी बहन प्रार्थना से गठबंधन कराने से साफ इनकार कर देगा। वह परी से कहेगा कि तुम भी मेरी बहन जैसी ही हो, तुम यह गठबंधन करोगी। तब वसुंधरा कोठारी कहेगी कि जब तुम्हारी बहन यहां पर है तो वह यह रस्म करेगी, कोई और यह क्यों करेगा? तब प्रेम अपने परिवार को करारा जवाब देगा और कहेगा कि प्रार्थना मेरी बहन है जरूर, लेकिन ऐसा लगता है कि वो यह भूल गई है। अब उसके लिए सिर्फ एक ही रिश्ता जरूरी रह गया है तो बेहतर है कि वह उसी रिश्ते को निभाए। बात बिगड़ती देख अनुपमा दखल लेगी। अनुपमा तब प्रेम को समझाएगी कि जिसकी रस्म है वही करेगा। प्रार्थना डरी हुई होगी लेकिन फिर अपने पति गौतम के कहने पर मंडप की तरफ बढ़ेगी। प्रार्थना अपने भाई और भाभी का गठबंधन करते हुए मन ही मन कहेगी कि तुम दोनों की जोड़ी हमेशा ऐसे ही बनी रहे। वो दोनों को आशीर्वाद देगी और फिर लौट आएगी। जूता चुराई की रस्म फीकी रहेगी और ईशानी-परी बिना तंग किए सीधे ही प्रेम को जूते लौटा देंगे। वह कहेंगे कि हमें आपसे पैसे नहीं बस यह वादा चाहिए कि आप हमारी बहन को हमेशा खुश रखेंगे। लेकिन वसुंधरा कोठारी उन्हें नोटों की गड्डी देकर कहेगी कि यह तुम्हारा हक है।

## देवोलीना ने क्या बदल लिया है धर्म?

**नई दिल्ली।** देवोलीना भट्टाचार्जी ने शाहनवाज शेख से शादी की और दोनों का बेटा भी है। देवोलीना और शहनवाज की शादी पर कई सवाल भी खड़े हुए, लेकिन दोनों ने कभी उस नफरत को अपने रिश्ते में नहीं आने दिया। दोनों के अलग-अलग धर्म को लेकर भी उन्हें नेगेटिविटी का सामना करना पड़ा था। अब देवोलीना ने अपने व्लॉग्स के जरिए ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है जो उनके रोजा सेलिब्रेट करने पर सवाल खड़ा कर रहे थे। देवोलीना ने कहा, 'हमारे फेस्टिवल्स को लेकर कई लोग कमेंट कर रहे हैं तो मैं बताना चाहूंगी कि ये लाइफ मेरी और शाहनवाज की है और मुझे इसमें किसी की दखलअंदाजी नहीं चाहिए। दुख की बात यह है कि ज्यादातर औरतों बोलती हैं जो मेरे बच्चे या मुझपर कमेंट करती हैं। लेकिन, आपको खुद के अंदर देखना होगा तभी आप दूसरों को अच्छे से देखेंगे।' मेरे पति मेरे साथ मेरे सारे फेस्टिवल मनाते हैं, इसलिए मैं उनके साथ उनके फेस्टिवल खुशी-खुशी मनाती हूं। जो हमारे फेस्टिवल नहीं भी होते उन्हें भी हम मनाते हैं खुश होकर। देखिए धर्म, जात-पात को लेकर काफी नफरत है, लेकिन हमारे घर में ऐसा कुछ नहीं है।



# भाई की फिल्म ने तोड़ी धर्मेंद्र की इमेज
## एक गाने में डांस देख हेमामालिनी भी हुई थीं लट्टू

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'ही मैन' धर्मेंद्र ने साल 1960 में फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पहली फिल्म से उन्हें पहचान नहीं मिल पाई थी। लेकिन, साल 1975 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था कि उनकी पूरी इमेज ही बदल गई थी।*

***'गरम धरम' की मिली इमेज :*** *यूं तो धर्मेंद्र को अपनी पहली फिल्म के बाद असल पहचान फिल्म 'फूल और पत्थर' से मिल गई थी। ये धर्मेंद्र के कॅरियर की पहली हिट फिल्म थी। लेकिन, इसके बाद भी उन्हें इडंस्ट्री में वो मुकाम नहीं मिला था। फिर साल 1975 में एक ऐसी फिल्म आई जिसने धर्मेंद्र के कॅरियर को पूरी तरह बदल दिया था। इस फिल्म के प्रोड्यूसर उनके भाई थे और फिल्म की कहानी भी उन्हीं की थी। इस फिल्म से उन्हें 'गरम धरम' की इमेज मिली थी।*

***हिट की गारंटी बन गए थे धर्मेंद्र :*** *छैल छबीले धर्मेंद्र की माचो मैन वाली छवि देने वाली उस फिल्म का नाम है प्रतिज्ञा। इस फिल्म के एक गाने 'मैं जट यमला पगला दीवाना'में धर्मेंद्र ने ऐसा डांस किया था कि खुद हेमा मालिनी भी उन पर लट्टू हो गई थीं। भाई की बनी इस फिल्म में धर्मेंद्र ने ऐसा जबरदस्त रोल निभाया था कि लोग उनके दीवाने हो गए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े कमाई के रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। इसी से मिली गरम-धरम की इमेज मिली। इसके बाद धर्मेंद्र हिट की गारंटी बन गए थे।*



***टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है 'प्रतिज्ञा' :*** *फिल्म 'प्रतिज्ञा' धर्मेंद्र के निजी जीवन और कॅरियर दोनों का टर्निंग प्वाइंट मानी जाती है। पहला टर्निंग प्वाइंट तो यही के तमाम बातों, मुलाकातों और आठ फिल्मों तुम हसीं मैं जवां, शराफत, नया जमाना , सीता और गीता, राजा जानी, जुगनू, दोस्त व पत्थर और पायल में साथ काम करने के बाद हेमा मालिनी और धर्मेंद्र ने इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान पहली बार एक-दूसरे के दिल की बात जानी थी।*

***मैं जट यमला पगला दीवाना :*** *धर्मेंद्र के भोलेपन पर हेमा मालिनी 'मैं जट यमला पगला दीवाना' की शूटिंग वाले दिन ही फिदा हो गई थीं और गाने की शूटिंग पूरे करने के बाद हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के सामने पहली बार उनकी मोहब्बत को एक्सेप्ट किया था। बता दें कि इस फिल्म के करीब पांच साल बाद दोनों ने शादी रचा ली थी। धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी इसके बाद 21 फिल्मों में और बन। फिल्म का दूसरे टर्निंग प्वाइंट में धर्मेंद्र का निजी और व्यावसायिक जीवन दोनों शामिल है।*

# 'छावा' बनीं 10वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ब्लॉकबस्टर




*मुंबई। विक्की कौशल की हिस्टोरिक फिल्म 'छावा' आए दिन एक नया माइल्स टोन सेट करती जा रही है। यह साल की पहली ब्लॉकबस्टर फिल्म बनी है। इसने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन किया। यह भारत की 10वीं ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई है। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना स्टारर 'छावा' अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में अपनी जगह बना ली है। फिल्म ने अब सनी देओल की 'गदर 2' को पछाड़कर ऑल टाइम इंडियन बॉक्स ऑफिस चार्ट पर 10वां स्थान हासिल कर लिया है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, छावा ने भारत में 526.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है, जो 'गदर 2' के कलेक्शन से भी ज्यादा है। 'गदर 2' ने कुल 525.7 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। इसमें छावा का तेलुगू वर्जन का कलेक्शन भी शामिल है। 'छावा' साल की पहली हिंदी रिलीज़ में से एक है जिसका तेलुगु वर्जन भी है। शाहरुख खान की जवान इस मामले में टॉप पर है।*

## 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज रह गईं गुमनाम

# बॉलीवुड के इस एक्टर के प्यार में दीवानी थीं ये 5 एक्ट्रेसेज

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के ट्रैजेडी किंग दिलीप कुमार का चार्म ऐसा था कि जो भी उनके करीब आया, वही उनका दीवाना हो गया। 20वीं सदी में डिजिटल मीडिया न होने के कारण कई लव स्टोरीज गुमनाम रह गईं, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में उनके चर्चे हमेशा जिंदा रहे। उनकी जिंदगी में पांच बड़ी एक्ट्रेसेज आईं, जिनमें से चार प्रेम कहानी अधूरी रह गई। एक ही एक्ट्रेस को उनका प्यार मिला।*

### कमिनी कौशल : परिवार के विरोध में टूटा रिश्ता



बहुत कम लोग जानते हैं कि गुजरे जमाने की एक्ट्रेस कमिनी कौशल कभी दिलीप कुमार की दीवानी थीं। हालांकि, उनके भाई ने इस रिश्ते को कभी स्वीकार नहीं किया। उनके भाई और परिवार के चलते दोनों को अलग होना पड़ा। लंदन के एक इवेंट में जब उनसे इस अफेयर पर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसे टाल दिया।

### मधुबाला : 9 साल का लंबा अफेयर

दिलीप कुमार और मधुबाला की प्रेम कहानी बॉलीवुड की सबसे मशहूर प्रेम कहानियों में से एक है। नौ साल तक चले इस रिश्ते में सगाई तक की खबर थी। एक्ट्रेस की बहन ने दोनों की सगाई की खबर की पुष्टि की थी। लेकिन, फिल्म 'नया दौर'के विवाद के दौरान जब दिलीप कुमार ने मधुबाला का साथ नहीं दिया, तो उनका दिल टूट गया। मधुबाला चाहती थीं कि दिलीप उनके पिता से माफी मांगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और उनका रिश्ता खत्म हो गया। ये इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अधूरी लव स्टोरी बन गई।



### सायरा बानो : उम्र का फासला नहीं आया प्यार में आड़े

सायरा बानो, दिलीप कुमार से 22 साल छोटी थीं, लेकिन प्यार की कोई उम्र नहीं होती। उन्होंने 1966 में शादी कर ली और उनकी मोहब्बत आज भी मिसाल बनी हुई है। हालांकि, इस शादी में भी एक वक्त ऐसा आया जब दिलीप कुमार ने उन्हें तलाक देकर असमा रहमान से शादी कर ली। लेकिन, कुछ समय बाद उन्हें अपनी गलती का एहसास हुआ और वह फिर से सायरा बानो के पास लौट आए। दोनों ने की शादो 55 साल तक चली। साल 2021 में एक्टर के निधन के बाद भी सायरा अपने साहब को याद करती हैं।



### अस्मा रहमान : दिलीप की सबसे बड़ी गलती

दिलीप कुमार ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा है कि अस्मा रहमान से शादी करना उनकी ज़िंदगी की सबसे बड़ी गलती थी। अस्मा से उनकी मुलाकात हैदराबाद में एक क्रिकेट मैच के दौरान हुई थी, जहां वह अपने पति और तीन बच्चों के साथ रहती थीं। दिलीप साहब को बाद में एहसास हुआ कि वह सिर्फ शोहरत की वजह से उनके करीब आई थीं, इसलिए उन्होंने यह रिश्ता तोड़ दिया। आसमा एक्टर की दूसरी पत्नी मानी जाती हैं।



### वैजयंतीमाला ऑनस्क्रीन रोमांस, लेकिन अधूरी मोहब्बत

दिलीप कुमार और वैजयंतीमाला की जोड़ी ने पर्दे पर धमाका किया था। फिल्म मधुमती, गंगा जमुना जैसी छह फिल्मों में साथ काम करने के बाद दोनों के अफेयर की चर्चा खूब हुई थी। लेकिन, जब असल जिंदगी की बात आई, तो वैजयंतीमाला ने किसी और से शादी कर ली और दिलीप कुमार को आगे बढ़ना पड़ा। इनके अफेयर की खबर उस समय की फिल्म मैगजीन में खूब छपे थे।

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**धारूहेड़ा।** साबी बैराज के पास पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। महेश्वरी के विकास नगर निवासी रोहित भारद्वाज बाइक लेकर रेवाड़ी की ओर जा रहा था। मसानी बैराज के पास आगे चल रही पिकअप गाड़ी के चालक ने अचानक गाड़ी रेवाड़ी कट की ओर मोड़ दी। इससे पिकअप बाइक से टकरा गई। वह बाइक सहित रोड पर गिरकर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद पिकअप चालक की तलाश शुरू कर दी।

### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**बावल।** सेक्टर-2 में चोर एक अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में कंवाली निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह एक कंपनी में कार्य करता है। कंपनी के काम से वह प्राइवेट अस्पताल आया था। बाइक बाहर खड़ी करने के बाद वह अस्पताल में चला गया। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली।

### घर के बाहर खड़ी स्कूटी ले गए चोर

**रेवाड़ी।** कंपनी बाग में रात के समय चोर एक मकान के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में अंकित जैन ने बताया कि वह अपनी स्कूटी घर के बाहर खड़ी करता है। रात को करीब 10 बजे स्कूटी खड़ी करने के बाद लॉक कर दी थी। सुबह जब वह उठकर बाहर आया तो उसे स्कूटी नहीं मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी स्कूटी का कोई पता नहीं चला।

### युवक पर युवती को भगाने का आरोप

**रेवाड़ी।** रामपुरा थानातंर्गत एक गांव से युवती के घर से लापता होने के बाद उसके पिता ने केस दर्ज कराया है। पुलिस शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय लड़की जयपुर की एक लाइब्रेरी में स्टडी कर रही है। वह अपने गांव आई हुई थी।
8 मार्च को घर वह अचानक लापता हो गई।

---

दो माह में 16 अवैध निर्माण तोड़े, 8 मामलों में दर्ज कराई एफआईआर

# डीसी ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने के दिए निर्देश

- 15 मामलों में अवैध निर्माण दोबारा शुरू करने की कोशिश की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक डीसी प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों को किसी भी सूरत में पनपने ना दिया जाए और सूचना मिलते ही तुरंत एक्शन लेते हुए निर्माण ध्वस्त किया जाए।

उन्होंने विभाग को निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों से सरकार को न केवल राजस्व का भारी नुकसान होता है, बल्कि इससे शहर की योजनाबद्ध विकास प्रक्रिया भी बाधित होती है। डीटीपी मनीष दहिया ने बताया कि बीते दो माह में अवैध कॉलोनी निर्माण के 16 मामलों में कार्रवाई की गई करते हुए उन्हें ध्वस्त किया गया है। इनमें से 15 मामलों में अवैध निर्माण दोबारा शुरू करने की कोशिश की गई, जिसे फिर से ध्वस्त किया गया। इसके अलावा 8 मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है।



झज्जर। डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की मीटिंग को संबोधित करते हुए डीसी प्रदीप दहिया। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। मीटिंग में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी प्रदीप दहिया।

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य करें विभाग : डीसी

**झज्जर।** मंगलवार को हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ डीसी प्रदीप दहिया ने बैठक की और जिले में प्रदूषण नियंत्रण के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। डीसी ने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अवैध औद्योगिक या व्यावसायिक गतिविधि, जो पर्यावरण और नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो, उसके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाए। उन्होंने बिजली निगम, नगर परिषद, पंचायती राज, जनस्वास्थ्य, परिवहन विभाग सहित अन्य एजेंसियों को निर्देश दिए कि प्रदूषण फैलाने वाले कारकों की नियमित निगरानी की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने परनाला गांव में अवैध रूप से प्लास्टिक जलाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एचएसपीसीबी व अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में तुरंत कार्रवाई करें।

---

# किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर किया रोष प्रदर्शन



झज्जर। सिलानी गेट में विरोध प्रदर्शन करते हुए किसान संगठन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने सिलानी गेट से लघु सचिवालय तक जुलूस निकाल कर रोष प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को अपनी मांगों संबंधी ज्ञापन भी भेजा। प्रदर्शन के दौरान संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी, रामकिशन, किसान सभा के जिलाध्यक्ष दिलबाग सिंह दलाल, भाकियू से सुनील कुमार, किसान नेता जगबीर सिंह तथा किसान मजदूर उत्थान मोर्चा के सुमित छिक्कारा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी कृषि मार्केटिंग पर राष्ट्रीय नीति फ्रेमवर्क तीन काले कृषि कानूनों का पुनर्जन्म है। इस नीति में प्राइवेट थोक बाजार स्थापित करने की अनुमति दी गई है। इससे कृषि उपज तथा कृषि भूमि दोनों पर प्राइवेट मालिकों के नियंत्रण का रास्ता खोल दिया जाएगा। सरकार से इस नीति को वापिस लिए जाने की मांग की। कैप्टन सतवीर सिंह, सूबेदार चरण सिंह, ब्रह्मानंद कादियान, ओमबीर सिंह, संदीप गिरावड़ आदि ने प्रीपेड मीटर लगाने तथा बिजली क्षेत्र को प्राइवेट हाथों में देने जैसी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन चलाने का आह्वान किया। इस मौके पर सतपाल संभ्रवाल, रणसिंह, संसार, विनोद, जयसिंह, रामनिवास, जितेंद्र, सुरजी, ओम प्रकाश, सतपाल, राजपाल, धन सिंह, विजय सिंह, बलवान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के टिप्स दिए

- विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए समाचार पत्र, दूरदर्शन और इंटरनेट को अपना दोस्त बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मारौत में स्कूल के पूर्व छात्र भारतीय सेना में कैप्टन प्रवेश यादव द्वारा विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। अपने संबोधन में कैप्टन प्रवेश यादव ने बताया कि सबसे पहले हमें अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। इसके बाद संपूर्ण शिक्षा ग्रहण करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए अथक मेहनत करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार भारतीय सेना में भर्ती के लिए 17-18 वर्ष की आयु के युवाओं को देश सेवा का अवसर देती है। इसकी तैयारी के लिए बारहवीं कक्षा तक की एनसीईआरटी की किताबों की अच्छी तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए समाचार पत्र, दूरदर्शन और इंटरनेट को अपना दोस्त बना लें। प्रतिदिन समाचार पत्र अवश्य पढ़ें। इससे आपको एनडीए परीक्षा व एसएसबी क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर मदर इंडिया निदेशक रामफूल शास्त्री, प्राचार्या संतोष कुमारी, संस्था सदस्य पवन शर्मा, उप-प्राचार्य कपिल शर्मा, आशा यादव, अन्नु अहलावत, प्रेम सिंह, अशोक यादव, सुरेंद्र कुमार, बिजेंद्र सिंह, भरत गुप्ता, सीमा शर्मा, सीमा सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ मौजूद कैप्टन प्रवेश यादव। फोटो :हरिभूमि

---

# बाल विवाह के प्रति ग्राम सचिवों और चौकीदारों को किया जागरुक

- 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह अवैध और दंडनीय है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव मातनहेल में जिला विकास एवं पंचायत विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा ग्राम सचिवों, सीएलपीओ तथा ग्राम चौकीदारों को बाल विवाह निषेध अधिनियम बारे जागरुक किया गया। एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि मौजूदा कर्मचारियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह अवैध और दंडनीय है। यदि कहीं भी बाल विवाह हो रहा है तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइनपर या संरक्षण एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी द्वारा जारी नंबर पर करें। उन्होंने इस संबंध में ग्राम चौकीदारों को बाल विवाह में शामिल न होने व अन्य लोगों को भी जागरुक करने संबंधी शपथ भी दिलाई। जिला परियोजना प्रबंधक मोहित, भूपेश, दिनेश, राममेहर, अनिल अन्य मौजूद रहे।


झज्जर। कार्यक्रम में कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुए संस्था पदाधिकारी।

---

# प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को रिलायंस कौशल विकास केंद्र द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संभव फाउंडेशन से प्रोजेक्ट मैनेजर प्रतीक कटियार ने बताया कि रिलायंस फांउडेशन एवं एमईटी सिटी के सहयोग से सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत सौंधी गांव के गुलिया चौबीसा चबूतरा में उनकी संस्था द्वारा युवाओं को दो माह का कंप्यूटर डाटा एंट्री प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस परियोजना में पिछले तीन वर्ष के अंतर्गत करीब छह सौ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। जिसमें करीब साढ़े चार सौ प्रशिक्षणार्थी स्थानीय उद्योगों में कार्यरत है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल रोमेल राज्याण ने बताया कि कौशल विकास केंद्र के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए हैं तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर भी बनाया है। रिलायंस फाउण्डेशन की ओर से लोकेश कापसे ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के नवयुवकों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के साथ-साथ स्थानीय उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में कुकडौला गांव प्रतिनिधि संजू ने कहा कि वह दो माह के प्रशिक्षण पश्चात सेक्टर चार एमईटी सिटी स्थित एक कंपनी में एचआर एंड एडमिन विभाग में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में उपस्थित साठ से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर सेंटर इंचार्ज अभिमन्यु, ट्रेनर चंचल, मोबलाईजर सौरभ तथा रिलायंस की ओर से अक्षय धनखड़ सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के साथ मौजूद प्रशिक्षणार्थी एवं संस्था पदाधिकारी।

---

# शिक्षकों को जीवन कौशल के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी

- शिक्षकों की क्षमता निर्माण के लिए हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल में मंगलवार को शिक्षकों के लिए 'मूलभूत जीवन कौशल' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या पूनम सक्सेना के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन अनीता राणा और अनुराधा छाबड़ा प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहीं। अनीता राणा व अनुराधा छाबड़ा ने शिक्षकों को जीवन कौशल के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्हें विद्यार्थियों के साथ बेहतर संवाद और रिश्तों की स्थापना करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यशाला में आत्म-प्रबंधन, समय प्रबंधन, तनाव नियंत्रण और अन्य आवश्यक जीवन कौशल पर विशेष जोर दिया गया। प्रधानाचार्या पूनम सक्सेना ने बताया कि शिक्षकों को जीवन कौशल से संबंधित ज्ञान देना उनके व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है। यह विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकता है। उन्होंने शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे इस ज्ञान का उपयोग स्कूल में एक सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए करें। कार्यशाला का समापन प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ जिसमें शिक्षकों ने अपनी जिज्ञासाओं को सांझा किया और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।


बहादुरगढ़। कार्यशाला में जीवन कौशल का महत्व समझाती शिक्षिकाएं।

---

# अग्निवीर को लेकर छात्रों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया को लेकर युवाओं को जागरूक करने के लिए सेना भर्ती कार्यालय रोहतक के तत्वावधान में मंगलवार को जिले की तीन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों गुढ़ा, साल्हावास और मातनहेल में विशेष आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सेना में भर्ती से जुड़े अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। एआरओ भूपेंद्र सिंह ने बताया कि आईटीआई गुढ़ा में लगभग 350, साल्हावास में करीब 450 और मातनहेल में भी करीब 500 छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ इस जागरूकता सत्र में हिस्सा लिया।


झज्जर। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए एआरओ भूपेंद्र सिंह।

---

### रिवाज फिल्म में मिथुन चक्रवर्ती के साथ नजर आएगा झज्जर का छोरा संजय काकरान

**झज्जर।** पिछले करीब दो दशकों से मायानगरी मुंबई में प्रोड्यूसर, डायरेक्टर व एक्टर के रूप में कार्यरत शहर के हरिपुरा मोहल्ला निवासी संजय काकरान आने वाली हिंदी फिल्म रिवाज में मिथुन चक्रवर्ती के साथ एडवोकेट की भूमिका में नजर आएंगे। संजय ने बताया कि मनोज सेटी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में आफताब शिवदशानी, मायरा सरीन, मिथुन चक्रवर्ती व अधविक महाजन ने मुख्य रोल निभाए हैं। यह फिल्म वर्ष 2022 में शूट की गई थी जो अब जी-5 पर रिलीज हुई है। संजय ने बताया कि कोर्ट में मुंशी का कार्य करने वाले उनके पिता बलवान सिंह का सपना था कि वह वास्तविक जिंदगी में एडवोकेट बनें लेकिन उनका रुझान फिल्मों की तरफ होने के चलते वे अपने पिता का सपना पूरा नहीं कर पाए। उसने फिल्म में एडवोकेट का रोल निभाकर अपने पिता को श्रद्धांजलि दी है।


झज्जर। फिल्म रिवाज के ट्रेलर से लिया गया स्क्रीनशॉट, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती के साथ एडवोकेट की भूमिका में पीछे दिखाई दे रहा संजय काकरान।

---

### अलग-अलग स्थानों से तीन दिनों में तीन मोटरसाइकिलें चोरी

**झज्जर।** जिले में तीन दिनों के अंदर अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी होने की तीन शिकायत पीड़ित लोगों द्वारा दी गई। कहीं घर के सामने खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हुई तो कहीं कोर्ट परिसर के साथ लगते अनाज मंडी परिसर से मोटरसाइकिल गायब हो गई। पुलिस को दी शिकायत में शहर की लालचंद कालोनी निवासी प्रेम सिंह ने बताया कि वह सोमवार को करीब ग्यारह बजे जब किसी तारीख के संबंध में कोर्ट आया था तो उसने अपनी पार्किंग की बजाय अनाज मंडी परिसर में मार्केट कमेटी कार्यालय की दीवार के साथ खड़ी की थी। तारीख से निपट कर जब वह करीब तीन बजे वापिस लौटा तो उसकी बाई चोरी हो चुकी थी। दूसरे मामले में माछरौली निवासी रणबीर ने बताया कि उसके गांव में सोमवार को एक धार्मिक आयोजन था। रात करीब ग्यारह बजे उसने अपनी मोटरसाइकिल आयोजन स्थल के मुख्य गेट के नजदीक खड़ी की थी। जब वह रात करीब दो बजे वापिस लौटा तो वहां से मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी थी। इसी प्रकार तीसरे मामले में मातनहेल निवासी विकास ने बताया कि उसकी मोटरसाइकिल उसके फुफेर भाई विजय कुमार के नाम पर है। बीती आठ मार्च की रात उसने मोटरसाइकिल को घर के सामने गली में खड़ा किया था। अगली सुबह जब उसने उठकर देखा तो उसकी मोटरसाइकिल उसे नहीं मिली।

---

युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया

# खुशी और विनय बने बेस्ट वॉलंटियर

- मंदिर के पुजारी विवेकानंद ने ईश्वर के विभिन्न रूपों से अवगत करवाया और गायत्री मंत्र का महत्त्व बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट एक और दो द्वारा आयोजित सात दिवसीय शिविर का जौंधी गांव में मंगलवार को समापन हुआ। शिविर में एनएसएस यूनिट एक की बेस्ट वॉलंटियर खुशी, बेस्ट कैंपर अनु तथा यूनिट दो का बेस्ट वॉलंटियर विनय और बेस्ट कैंपर भरत अहिरवार को चुना गया। जौंधी गांव के राजकीय उच्च विद्यालय की हिंदी अध्यापिका दलवंती सहरावत ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। सूबेदार महा सिंह ने भारतीय सेना के बारे में जानकारी दी और युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया। गांव के मंदिर के पुजारी विवेकानंद ने ईश्वर के विभिन्न रूपों से अवगत करवाया और गायत्री मंत्र का महत्त्व बताया। पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी फूल सिंह ढाका और इलिना ढाका ने ध्यान क्रिया का अभ्यास करवाते हुए बताया कि ध्यान से मन को गहरी शांति मिलती है। स्वयंसेवकों ने होली पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और पानी की बचत करके रंग-गुलाल से होली पर्व मनाया। इस अवसर पर भौतिकी प्राध्यापिका ज्योति सांगवान, लेखा अधिकारी चंद्र प्रकाश सांगवान, छवि सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वॉलंटियर एवं स्टॉफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

---

# हरदयाल में पहुंचे इटली के संगीतकार

- स्कूल प्रबंधन की ओर से उनका विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया


बहादुरगढ़। फ्रेंको रेडीचिया का स्वागत करती अनुराधा यादव व अन्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इटली के महान संगीतकार फ्रेंको रेडीचिया बहादुरगढ़ के हरदयाल पब्लिक स्कूल में पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। इस संस्कृति की सबसे अधिक झलक यहां के संगीत से मिलती है। स्कूल प्रबंधन की ओर से उनका विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। उनके सम्मान में संगीत सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें अलग-अलग लोक संस्कृतियों को दिखाने के लिए राग-भैरवी, राग-सारंग, राग-ललित व राग-बसंत आदि का आयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति की अद्भुत छवि देखकर फ्रैंको रेडीचिया खूब प्रभावित हुए। स्कूल निदेशिका अनुराधा यादव ने उनका स्वागत करते हुए उनका यहां पधारने पर आभार व्यक्त किया।

---

**सार्वजनिक सूचना**

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शांति देवी (पत्नी), दीपक शर्मा (पुत्र), सुनिता देवी (पुत्री), ज्योति (पुत्री), पूनम (पुत्री), प्रभात शर्मा (दोहता) व महिमा (दोहती) स्व. सरदार सिंह निवासी नई बस्ती बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी नम्बर 3B8GVJD2 वार्ड नम्बर 20 कॉलोनी नई बस्ती जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ मे नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 88 से 88.88 वर्ग गज करवाने हेतु ऑनलाइन एप्लीकेशन नम्बर 0185591897 द्वारा अप्लाई किया है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नम्बर 3B8GVJD2 वार्ड नम्बर 20 कॉलोनी नई बस्ती पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सुबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति नम्बर 3B8GVJD2 वर्ग गज प्रार्थी शांति देवी (पत्नी), दीपक शर्मा (पुत्र), सुनीता देवी (पुत्री), ज्योति (पुत्री), पूनम (पुत्री), प्रभात शर्मा (दोहता) व महिमा (दोहती) स्व. सरदार सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

## खबर संक्षेप

### कैमलगढ़ गांव के खेत से मोटर पंप चोरी

**झज्जर।** गांव कैमलगढ़ के खेत से मोटर पंप चोरी होने की शिकायत पीड़ित किसान द्वारा पुलिस को दर्ज कराई गई है। पुलिस को दी शिकायत में कबलाना निवासी राज किशन ने बताया कि वह खेती बाड़ी का कार्य करता है तथा उसने कैमलगढ़ में बंटवारे पर जमीन बो रखी है। बीती नौ मार्च की रात उसके खेत से ट्यूबवैल से मोटर पंप चोरी हो गया। उसने अपने स्तर पर मोटर पंप की तलाश भी की लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया।

### मातनहेल में गाड़ी से टायर जैक व टूल बॉक्स चोरी

**झज्जर।** गांव मातनहेल में खड़ी एक गाड़ी से चोर टायर, जैक, नट खोलने वाली मशीन व टूल बॉक्स चुरा ले गए। पीड़ित गाड़ी मालिक ने पुलिस को शिकायत कर मामले से अवगत कराया है। पुलिस को दी शिकायत में मातनहेल निवासी नरेश ने बताया कि वह झामरी निवासी पवन की गाड़ी में नौ मार्च को गुरुग्राम से खाली करके मातनहेल आया था। शाम करीब छह बजे वह गाड़ी करके अपने घर चला गया। अगली सुबह जब करीब आठ बजे वह गाड़ी खड़ी करने वाले स्थान पर पहुंचा तो उसकी गाड़ी से टायर, जैक, नट खोलने की मशीन और टूल बॉक्स चोरी हो चुका था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



**बहादुरगढ़।** रेलवे रोड पर जर्जर हो चुका स्टेडियम का प्रवेश द्वार।

### स्टेडियम के जर्जर द्वार को बनवाने की पेशकश

**बहादुरगढ़।** शहर के ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम का स्वागत द्वार बेहद जर्जर हो चुका है। इसकी खराब हालत को देखते हुए सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी ने इसे निजी खर्च अथवा पंचायत द्वारा नए सिरे से बनवाने का प्रस्ताव रखा है। बता दें कि रेलवे रोड और नाहरा-नाहरी रोड के बीच स्थित स्टेडियम के निर्माण के लिए लगभग 4 एकड़ जमीन परनाला-हसनपुर ग्राम पंचायत की तरफ से दी गई थी। प्रधान अशोक राठी ने बताया कि ब्रिगेडियर होशियार सिंह राठी स्टेडियम का रेलवे रोड की तरफ का द्वार बीते 3-4 साल से जर्जर हो चुका है। उन्होंने पंचायत के माध्यम अथवा स्वयं के खर्च से इसे नए सिरे से बनाने के लिए संबंधित विभाग से स्वीकृति देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि जर्जर गेट के गिरने के कारण कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन को इस दिशा में शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

## लघु सचिवालय में आयोजित फाइनल रिहर्सल के दौरान दिए निर्देश

# आज आएंगे नतीजे, बेरी नपा चुनाव की मतगणना के लिए तैयारियां पूरी

मतगणना सुबह आठ बजे से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित नौबत राय हाल में होगी। नियमानुसार, शांतिपूर्वक, निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से मतगणना कार्य के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

नगरपालिका बेरी के आम चुनाव में मतदान प्रक्रिया के बाद मतगणना से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना के लिए नियुक्त सभी अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता के साथ मतगणना कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रेणुका नांदल ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय में मतगणना के लिए आयोजित फाइनल रिहर्सल के दौरान दिए। उन्होंने बताया कि बेरी नगरपालिका क्षेत्र के 14 वार्डों में कुल 13 हजार 867 मतदाता हैं। जिनमें दो मार्च को हुए मतदान में 10 हजार 798 मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान किया।

उन्होंने बताया कि बुधवार 12 मार्च को होने वाली मतगणना के दौरान सात टेबल लगाई जाएंगी। जिन पर दो-दो राउंड में मतगणना प्रक्रिया को नियामनुसार पूरी किया जाएगा। मतगणना सुबह आठ बजे से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित नौबत राय हाल में होगी।

नियमानुसार, शांतिपूर्वक, निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से मतगणना कार्य के लिए प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना से संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी सुबह सात बजे मतगणना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि बूथ वार मतगणना होगी। अध्यक्ष पद व 13 वार्डों के पार्षद पदों के लिए मतगणना नियम अनुसार मतगणना होगी। वार्ड 4 में पार्षद निर्विरोध निर्वाचित हो चुका है। उन्होंने बताया कि चुनाव परिणाम राज्य निर्वाचन आयोग के ई डैश बोर्ड पर भी अपडेट होगा।



**बेरी।** फाइनल रिहर्सल के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए रिटर्निंग अधिकारी रेणुका नांदल।

### पहले 13 वार्डों के पार्षद पदों के लिए होगी मतगणना

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि मतगणना के दौरान पहले पार्षदों और बाद में अध्यक्ष पद के लिए मतगणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि सात टेबल पर सबसे पहले वार्ड एक से 8 और दूसरे राउंड में 9 से 14 वार्डों में पार्षद पदों के लिए मतगणना होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतगणना के समय केवल उन्हीं बूथों के एजेंटों की मतगणना हाल में प्रवेश के लिए अनुमति होगी, जिन वार्डों की मतगणना होगी। इसके उपरांत अध्यक्ष पद के लिए वोटों की गिनती होगी,इस कार्य को दो राउंड में पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना हाल में कॉउंटिंग एजेंट और उम्मीदवारों के लिए मोबाइल की अनुमति नहीं होगी। वहीं निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी पहचान पत्र पर दिखाने पर ही मतगणना केंद्र में प्रवेश होगा।

### पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, तीन सौ जवान तैनात



**झज्जर।** बुधवार को बेरी नपा चुनाव की मतगणना को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। डीसीपी लोगेश कुमार ने बताया कि सुबह पांच बजे से मतगणना समाप्त होने तक मतगणना केंद्र पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस कि नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। करीब तीन सौ पुलिस कर्मचारियों-अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। शहीद लांस नायक मुकेश कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में होने वाली मतगणना केंद्र में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की तलाशी लेने के उपरांत ही केंद्र में प्रवेश करने दिया जाएगा। मतगणना केंद्र के बाहर या अंदर कोई भी व्यक्ति ब्लेड,बीडी, माचिस, मोबाइल, खतरनाक रसायन, आग्नेय शस्त्र इत्यादि वस्तु के साथ प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। मतगणना केंद्र में अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। मतगणना केंद्र पर मोबाइल, पैन,पेपर, इलेक्ट्रॉनिक यंत्र, संदिग्ध वस्तु, हथियार ले जाने की मनाही है। उन्होंने बताया कि मतगणना केंद्र के पांच सौ मीटर के दायरे में गंडासा, किरपान, खोखरी, जेली, लाठी, साइकिल चैन या अन्य कोई वस्तु जो हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता है उन पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र के आसपास यदि कोई असमाजिक तत्व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध तुरंत नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**झज्जर।** टीबी फॉर्म की मीटिंग लेते हुए सीटीएम रविंद्र मलिक। फोटो : हरिभूमि

## जिले के 64 गांवों को किया टीबी मुक्त पंचायत के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राज्य मुख्यालय से आई टीम द्वारा जिले के 64 गांवों को टीबी मुक्त पंचायत के लिए चयनित किया गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर कुणाल ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत की सूची फाइनल कर दी गई है। मंगलवार को सीटीएम रविंद्र मलिक की अध्यक्षता में जिला टीबी फॉर्म की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में टीबी रोग, मलेरिया टीकाकरण एवं अन्य रोगों के बारे में चर्चा की गई। मीटिंग में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने व आमजन को सरकारी सुविधाओं बारे दी गई जानकारी संबंधी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि मीटिंग के दौरान एचआईवी एड्स के कुछ मुख्य बिंदुओं पर भी बात की गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की जान गई

**झज्जर।** शहर के रेवाड़ी रोड स्थित पंचनद चौक के नजदीक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान क्षेत्र के गांव सिलानी जालिम निवासी करीब सैंतीस वर्षीय दलबीर सिंह पुत्र धर्मपाल के तौर पर हुई है। पुलिस को दी शिकायत में सिलानी जालिम निवासी सुखबीर पुत्र जगदीश ने बताया कि उसे गांव के ही एक युवक ने उसके चचेरे भाई दलबीर सिंह के एक्सीडेंट की सूचना दी। उसने बताया कि वे उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक लेकर जा रहे हैं। सुखबीर के अनुसार जब वह नागरिक अस्पताल पहुंचा तो उसके चचेरे भाई दलबीर सिंह को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया था। सूचना मिलने उपरांत पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## सेक्टर-13 में 5 करोड़ से बन रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेक्टर-13 में करीब 4 करोड़ 95 लाख रुपए की राशि से सड़क निर्माण किया जा रहा है। सड़क बनने के बाद लोगों को यहां से आवागमन में काफी सुविधा होगी। ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य जसबीर सैनी व एचएसवीपी जेई विकास देशवाल ने निर्माण कार्य का जायजा लिया। सेक्टर-13 की सड़कें बेहद जर्जर अवस्था में थी।

स्थानीय लोगों व राहगीरों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती थी। सड़क निर्माण को लेकर लगातार आवाज उठाई जा रही थी। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को इस समस्या से अवगत करवाया था। उन्होंने सड़क निर्माण को स्वीकृति दी थी। सीएम सैनी के आदेशानुसार अब इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जसबीर सैनी ने कहा कि सड़क का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता व तय मानकों के अनुसार होना चाहिए। स्थानीय लोग भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता सामग्री को लेकर पूरा ध्यान रखें। झज्जर रोड की स्पेशल रिपेयर का कार्य शुरू हो चुका है। सभी जर्जर मार्ग बारिश से पहले बनवाए जाएंगे।



**बहादुरगढ़।** सेक्टर-13 में सड़क निर्माण का जायजा लेते जसबीर सैनी।

### आईटीआई में कोपा व्यवसाय प्रशिक्षु के दो पद रिक्त

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अप्रेंटिस एक्ट के तहत कोपा व्यवसाय प्रशिक्षु के दो पद रिक्त हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रिंसिपल ने बताया कि कोपा व्यवसाय की पास आउट छात्राएं डब्ल्यूडब्ल्यू डॉट अप्रेंटिसशिपइंडिया डॉट जीओवी डॉट इन पर आवेदन कर सकती हैं। बेनीफिशरी आईडी होनी जरूरी है।

## अंश व नेहा बेस्ट वॉलंटियर, दिव्या व सीमा बने बेस्ट काउंसलर

- वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में 5 दिवसीय जिलास्तरीय रेडक्रॉस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में चल रहे पांच दिवसीय जिलास्तरीय शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। पुरुष वर्ग में अंश डागर तथा महिला वर्ग में नेहा को बेस्ट वॉलिंटियर चुना गया। महिलाओं में दिव्या बंसल व डॉ सीमा तथा डॉ सुनील कुमार व पंकज दत्त को बेस्ट काउंसलर चुना गया।

पांचवें दिन का शुभारंभ प्राचार्या डॉ आशा शर्मा व झज्जर रेडक्रास सोसायटी के सचिव देवेंद्र चहल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। सत्येंद्र दहिया ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के विषय में जागरूक किया। उन्होंने सड़कों की मरम्मत-रखरखाव, पर्याप्त रोशनी और संकेतों का प्रबंध करने की जरूरत बताई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लाक प्रोग्राम आफिसर जयशंकर ने बताया कि महिलाओं को अपने जीवन को स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाया जाना चाहिए।

महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता और राजनीतिक भागीदारी जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। ट्रेनर कंचन कुमार ने फर्स्ट एड के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिकता चिकित्सा का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने सीपीआर व रिकवरी पोजीशन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए उसका अभ्यास करवाया। विभिन्न महाविद्यालयों से आए रेडक्रॉस काउंसलर और वॉलिंटियर्स ने भी अपने विचार रखे। देवेंद्र चहल ने ब्रिगेड डिवीजन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अंशिका, सियास्ते व निशा को बेस्ट यूथ का टाइटल दिया गया।




**बहादुरगढ़।** कैंप के समापन पर अतिथियों व आयोजकों के साथ स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

## दादी हृदय मोहिनी को श्रद्धा और स्नेह के साथ किया याद

**ब्रह्माकुमारीज के सेक्टर-2 सेवा केंद्र पर पूर्व मुख्य प्रशासिका का स्मृति दिवस मनाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेक्टर-2 सेवाकेंद्र पर पूर्व मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी दादी हृदय मोहिनी के चौथे पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी परिवार के सदस्यों ने स्नेह पुष्पांजलि अर्पित कर उनके दिव्य जीवन, सेवाओं और शिक्षाओं को याद किया। विशेष मौन ध्यान का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मौन श्रद्धांजलि और ईश्वरीय स्मृति से हुआ। सेवा केंद्र संचालिका बीके विनीता दीदी ने माउंट आबू से दादी की प्रेरणाओं को सांझा किया। उनकी आध्यात्मिकता और सहजता हर किसी को प्रेरित करती थी। बीके लक्ष्मी दीदी ने कहा कि वे सरल हृदय, नम्रचित्त, सादगी से संपन्न और पवित्रता की देवी थीं। बीके आशा बहन ने दादी के साथ बिताए अपने अनुभवों को सांझा किया। बीके रामफल, बीके विनय और बीके कृष्णा ने भी दादी जी के अंग-संग रहने के अनुभव सुनाए। इस अवसर पर बीके रुबी दीदी, बीके कोमल दीदी और बीके अंजलि दीदी ने भी दादी की शिक्षाओं को स्मरण किया। सभी ने स्नेहांजलि पुष्प अर्पित कर दादी जी की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने का संकल्प लिया।



**बहादुरगढ़।** दादी हृदय मोहिनी को भावपुष्प अर्पित करती ब्रह्माकुमारियां। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900



**झज्जर।** रिमांड पर लिया गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

## गोतस्करी मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** बीते दिनों उपमंडल बेरी क्षेत्र में हुए गोतस्करी मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए की एक टीम द्वारा चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान तौफिक निवासी अडवर नूंह, क्यूम निवासी गांव हुसनपुर नूंह, तारीफ निवासी हुसनपुर नूंह और गुलाब निवासी गांव मतानी जिला भिवानी के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि तौफिक निवासी अडवर जिला नूंह के खिलाफ पहले भी गऊकशी मामले के कई आपराधिक मामले दर्ज है। उन्होंने बताया कि आरोपी गुलाब निवासी गांव मतानी जिला भिवानी राजस्थान बॉर्डर से बनी में से गाय को एकत्रित करने का कार्य करता था। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से अदालत के आदेशानुसार तौफिक, तारीफ और गुलाब को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जबकि क्यूम को पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### फाल्गुनी एकादशी के उपलक्ष्य में छारा दंगल में हुई रोमांचक कुश्तियां

# बुल्ला पहलवान ने जीती 71 हजार रुपये की कुश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव छारा में फाल्गुनी एकादशी के उपलक्ष्य में कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। कई नामी व प्रतिभाशाली पहलवानों ने दंगल में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक कुश्तियां देखने को मिली। लोगों ने कुश्ती मुकाबलों का खूब लुत्फ उठाया।

पहली छूट्टी के लिए दो कुश्तियां हुई। पहले मुकाबले में लीलू अखाड़ा लाडपुर के बुल्ला पहलवान ने सचिन पहलवान को हराकर 71 हजार रुपये का ईनाम जीता। वहीं 71 हजार रुपये की दूसरी कुश्ती भोला पहलवान और आशीष के बीच बराबरी पर रही। दंगल दूसरी बड़ी कुश्ती के लिए विक्रम कोट और सुमित मेहर सिंह अखाड़ा आमने सामने हुए। यह कुश्ती बराबरी पर रही। तीसरी कुश्ती पुष्पेंद्र पहलवान ने जीत ली। जबकि दीपक और राहुल पहलवान के बीच भी कुश्ती बराबरी पर छूट गई। दंगल कमेटी सहित समस्त ग्रामवासियों की ओर से यह आयोजन किया गया था। अर्जुन अवार्डी दीपक पूनिया, अर्जुन अवार्डी अशोक, हिंद केसरी सोनू पहलवान, कुश्ती कोच वीरेंद्र आर्य, ब्लॉक समिति प्रधान प्रतिनिधि सत्यवान, ब्लॉक पार्षद प्रमोद आर्य, रामानंद महाराज, पूर्व सरपंच बबलू, कृष्ण, आयोजन कमेटी से दीपक, पोना ठेकेदार, भूरिया पहलवान, रामे पहलवान, रामबीर, कमांडेंट नरेश दलाल आदि ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। हाल ही में मेडल जीतकर लाने वाली गांव की बेटी दीक्षा का इस दंगल में सम्मान किया गया।




**बहादुरगढ़।** कुश्ती के लिए पहलवानों का हाथ मिलवाते आयोजक व अतिथि तथा पहलवानों के साथ प्रदीप तहलान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### विधायक ने कानोंदा में पहलवानों को किया प्रोत्साहित

बहादुरगढ़। पिछले कई वर्षों की भांति इस बार भी गांव कानोंदा में दंगल का आयोजन किया गया। इसमें 300 से ज्यादा पहलवान ने भाग लिया और 150 से ज्यादा ईनामी कुश्तियां करवाई गई। विधायक राजेश जून ने कुश्ती दंगल में प्रतिभागी पहलवानों को प्रोत्साहित किया। दंगल में पहली कुश्ती उत्तर प्रदेश के जोंटी गुर्जर और आर्मी के पहलवान विनोद के बीच हुई। इसमें जोंटी गुर्जर जीते। दूसरी कुश्ती मंजीत इस्माइला और प्रवेश लडरावण के बीच हुई। इस मुकाबले में मंजीत विजयी रहे। तीसरी कुश्ती मोहित पहलवान कानोंदा ने जीती। पहलवानों का हाथ मिलाकर मुकाबले का शुभारंभ करते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि खेलों में रोजगार के अनेक सुनहरे अवसर मौजूद हैं। इसलिए अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा के साथ कुश्ती सहित अन्य खेलों में भी बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करें। आयोजकों ने विधायक राजेश जून का स्वागत करने के उपरांत पगड़ी बांधकर व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया। आयोजन में विकास प्रधान, मोहडा, मंजीत, संजीत, बिजेंद्र, अमरजीत, बिजेंद्र नंबरदार समेत ग्राम वासियों ने सहयोग किया।